# हनुमना क्षेत्र के पिपराही-हर्रई में नियमों को ठेंगा दिखाकर चल रहे स्टोन क्रेशर

## धूल-प्रदूषण से स्थानीय लोग परेशान, अवैध उत्खनन से शासन के राजस्व का नुकसान

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, अभी तक रीवा में स्टोन क्रेशर संचालको की मनमानी से क्षेत्रीय लोग धूल फांक रहे थे और अब मऊगंज में लगातार खुल रहे स्टोन क्रेसर लोगो के लिये मुसीबत बनते जा रहे है. पर्यावरण नियमों की जहा धज्जियां उड़ाई जा रही है वही अवैध उत्खनन और परिवहन भी धड़ल्ले से चल रहा है.**



पूर्व में कलेक्टर ने जुर्माना भी लगाया और हाल ही में खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध परिवहन करते हुए मशीन सहित ट्रक जप्त किये थे. उसके बाद भी यहा अवैध उत्खनन का खेल नही थम रहा है. मऊगंज के पिपराही, वीरादेही, हर्रई में स्टोन क्रेशर संचालक मनमानी पर उतारू है. एक ओर जहा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है वही कई ऐसे क्रेशर है जो वैध अनुमति के बगैर चल रहे है. बावजूद इसके प्रशासन अनदेखी कर रहा है. अवैध उत्खनन और परिवहन से जहा शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है वही दूसरी तरफ बढ़ते धूल प्रदूषण से स्थानीय लोगो का जीना मुश्किल हो रहा है. पर्यावरण के जो नियम है उनका पालन नही किया जा रहा है न तो धूल को रोकने के लिये ऊंची दीवाल खड़ी की गई और न ही प्लांटेशन किया गया है. इतना ही नही स्टोन क्रेशर संचालक स्वीकृत भूमि से बाहर जाकर अवैध उत्खनन कर रहे है. अभी कुछ दिन पूर्व खनिज और राजस्व की टीम ने कार्यवाही भी की थी. उसके बाद पुन: अवैध उत्खनन शुरू हो गया. हनुमना-मऊगंज क्षेत्र में सबसे ज्यादा अवैध उत्खनन हो रहा है.

### क्षेत्र में छाया रहता है धूल का गुबार

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्रेशर प्लांट से निकलने वाली धूल और तेज आवाज ने आसपास के गांवों में रहना मुश्किल कर दिया है. खेतों में फसल पर धूल जम रही है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है, वहीं लोगों में सांस और अन्य बीमारियों के मामले भी बढ़ने लगे हैं. इसी तरह एमपी आरडीसी से जुड़े प्लांटों पर भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं. बताया जा रहा है कि अधिकारियों और संचालकों की मिलीभगत से बिना उचित व्यवस्थाओं के प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं. उदाहरण के तौर पर पथरिया क्षेत्र में स्थापित एमपी आरडीसी का प्लांट चर्चा का विषय बना हुआ है. इसके साथ ही हनुमना क्षेत्र के पिपराही वीरादेई हर्रई के स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां प्रदूषण नियंत्रण के आवश्यक उपाय नहीं किए गए हैं. प्लांट से लगातार निकलने वाला धुआं पूरे क्षेत्र में फैल रहा है, जिससे वातावरण जहरीला हो गया है. ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से शाम तक इलाके में धुएं की चादर छाई रहती है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बावजूद इसके संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है.



# सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग आटो में छूटा, पुलिस ने किया बरामद

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, अमहिया थाना अन्तर्गत शादी समारोह में जा रहे एक परिवार का बैग आटो में छूट गया और आवाज लगाने के बाद भी आटो चालक नही रूका. जिसके बाद परिवार अमहिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. घटना शुक्रवार की रात की थी, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और आटो चालक तक पहुंची.**

जहा से जेवरात और पैसो से भरा बैग बरामद किया गया. अमहिया थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑटो में छूटे करीब 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग खोज निकाला. दरअसल रीवा में एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था. ऑटो से उतरते ही उन्हें तुरंत पता चला कि गहनों से भरा बैग उनके पास नहीं है और वह ऑटो में ही छूट गया है. बैग में करीब 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण होने से परिवार घबरा गया और तुरंत अमहिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाले और ऑटो की पहचान कर चालक तक पहुंच गई. पुलिस की तेज कार्रवाई से कुछ ही घंटों में गहनों से भरा बैग सुरक्षित बरामद कर लिया गया और परिवार को सौंप दिया गया. जेवरात से भरा बैग आटो में छूट जाने के कारण महिला बेहद परेशान थी. लेकिन जैसे ही पुलिस ने बैग बरामद कर दिया तो वह खुशी से झूम उठी. अपने कीमती आभूषण वापस मिलने पर परिवार ने रीवा पुलिस का आभार जताया.

## संक्षिप्त

### सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन आज जवा में

**रीवा,** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत 19 अप्रैल को जवा में जिला स्तरीय सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं.

### समर्थन मूल्य मे गेहू खरीदी स्लाट बुक नहीं हो रहे

**रीवा,** रीवा भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री से मांग किया है कि रबी मे बोयी गयी फसलो की गिरदाबरी की गयी, फिर खेत मे जा के आन लाईन फसले खसरो मे दर्ज की गयी. अब आखिर सैटेलाइट मे फसले क्यो नही दिख रही है? क्या ऐसे मे सरकार दवारा निर्धारित समर्थन मूल्य मे गेंहू खरीदी की तिथि मे सभी पजिकृत किसानो से हो पायेगी खरीदी? स्लाड बुक कराने जा रहे किसान के खसरो मे मध्यप्रदेश सरकार के ई उपार्जन मे सलाड बुक करने मे लिख के आ रहा है कि सैटेलाइट द्वारा असतयापित किया गया है आखिर किसान क्या करे कहा जाये? सरकार इस पर तत्काल दिशा निर्देश जारी कर किसानो के साथ न्याय करे. किसान सुब्रत ने आग्रह किया है कि जिला प्रशासन इस ओर ध्यान ने आवश्यक कार्रवाई कर किसानो की समस्याओ का तत्काल निराकरण करे, पजियन केन्दो मे स्लाड बुक नही हो पा रहे है सरवर डाउन, फिर लाईनो मे लगे किसान सर्वर चला तो सैटेलाइट से असत्यपित लिख के आ रहा आखिर क्यो? सर्वर की समस्याओ का तत्काल निराकरण किया जाय सभी खरीदी केन्दो के पजियन केन्दो मे तेज गति के इन्टरनेट कनेक्शन, वाई फाई लगायी जाय.

### उपनयन के 27वें अंक का लोकार्पण आज

**रीवा,** जन चेतना की त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका 'उपनयन' के 27वे अंक का लोकार्पण-प्रकाशन 19 अप्रैल को शाम 4 बजे प्रोफ़े. एन.पी. पाठक पूर्व कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के आवास मे आयोजित संगोष्ठी के दौरान किया जायेगा. उक्त आशय की जानकारी देते हुए पत्रिका के उप सम्पादक रमाकान्त तिवारी ने बताया कि संगोष्ठी मे सम्पादक मंडल के साथ आमंत्रित विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगे.



### कमलनयन केसरी पीजीआई लखनऊ रेफर

**हनुमना,** विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य के ज्येष्ठ पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता कमलनयन केशरी जो विगत 14 अप्रैल मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आते वक्त हनुमना पहुंचने से पूर्व ही एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जिसके चलते उनके सिर गर्दन रीढ़ की हड्डी एवं पसली तथा बांये हाथ में गंभीर चोट आई थी. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना में प्राथमिक चिकित्सा के बाद संजय गांधी चिकित्सालय रीवा के लिए रेफर कर दिया था जहां 5 दिनों तक चिकित्सा के बाद डॉक्टर ने एस जी पी जी आई लखनऊ के लिए रेफर कर दिया. श्री एडवोकेट गुप्त के दुर्घटना की सूचना लगत ही भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पांडे मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा एसडीम राजेश मेहता तहसीलदार शिवम गौतम विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुसुमाकर श्रीमाली, राष्ट्रीय सचिव शिवरतन नामदेव, वरिष्ठ समाजसेवी ललित शुक्ला, मऊगंज तथा हनुमना के अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अध्यक्ष क्रमश: हरिहर प्रसाद शुक्ला, राम रक्षा शुक्ला, तथा एडवोकेट राजेश सोनी शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है.

### लोकतंत्र सेनानी मोतीलाल मिश्रा का निधन

**रीवा,** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मीशावंदी ग्राम पंचायत गोदरी अम्बिकाराम के वरिष्ठ समाजसेवी मोतीलाल मिश्रा का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. उनके निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नेशोक संवेदना व्याप्तकरते हुए कहा कि पूरा जीवन सामाजिक सरोकार के साथ आम लोगों के कल्याण के लिए समर्पित रहे उनके निधन से पार्टी और समाज को अपूरणीय छतीहुई है. ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान देंरीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि राष्ट्र और समाज के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने वाले नेता थे लोकतंत्र सेनानी के रूप में उन्होंने 19 महीनाइमरजेंसी के खिलाफ जेल में बिताया ईश्वर उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे और भगवान श्री चरणों में स्थान दें. ईश्वर से प्रार्थना है की ऐसे महामानव की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें. विधायक गिरीश गौतम ने मोतीलाल मिश्रा के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और दुख में सहभागी हुए. श्री गौतम ने कहा कि मोतीलाल मिश्रा जैसे सहज सरलनेता को हमने खो दिया है उनके निधन से हम सबको अपूरणी क्षति हुई मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने दु:ख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी.

# ज्ञान भारतम पांडुलिपि अभियान में होगा पांडुलिपियों का सर्वेक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'ज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन' के अंतर्गत मध्य प्रदेश में पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

इस मिशन की घोषणा एक फरवरी 2025 के केंद्रीय बजट में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है.

इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और भारत सरकार के बीच 19 दिसम्बर 2025 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है. यह विशेष अभियान 16 मार्च से जारी है और 15 जून तक संचालित किया जाएगा. इस संबंध में आयुक्त मदन कुमार ने कलेक्टर्स को पत्र जारी किए हैं.

अभियान के संबंध में जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें एसडीएम को समन्वयक और जिला नोडल अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया जाएगा. समिति में जिला पंचायत सीईओ, विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय तथा पुरातत्व विभाग के एक-एक प्रतिनिधि को सदस्य बनाया जाएगा. समिति मंदिरों, मठों, आश्रमों, निजी संग्रहों, पुस्तकालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज कर 'ज्ञान भारतम' ऐप के माध्यम से जानकारी अपलोड करेगी.



# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व व्याख्यान माला में ज्योतिर्लिंग परंपरा की दी गई जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, टीआरएस कालेज के इतिहास विभाग के द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पूनम मिश्रा, विभाग अध्यक्ष इतिहास ने किया. उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विषय प्रवेश पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ विनय कुशवाहा, सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना उपस्थित रहे. उन्होंने 'भारतीय संस्कृति एवं ज्योतिर्लिंग परंपरा' पर अपना उद्बोधन दिया, जिसका प्रारंभ उन्होंने संस्कृति एवं सभ्यता में अंतर बताने से किया तत्पश्चात उन्होंने आक्रमणों के प्रकार का विवरण दिया एवं अंत में उन्होंने विस्तार से ज्योतिर्लिंग परंपरा को समझाया. विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. जयप्रकाश, सहायक प्राध्यापक इतिहास, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना उपस्थित रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में मंदिर वास्तुकला के उद्गम एवं उसके विकास पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने भारत की प्रमुख मंदिर वास्तु कला जैसे नगर शैली, द्रविड़ शैली एवं वेसर शैली को विस्तार से समझाया एवं उसमें अंतर स्पष्ट किया साथी उन्होंने इन सारी शैलियां की विशेषताओं पर प्रकाश डाला एवं भारतीय इतिहास के मार्क्सवादी लेखन का खंडन किया. कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सुधाकर दुबे द्वारा किया गया.

# समाधान योजना को लेकर वितरण केन्द्र में लग रहे शिविर




**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, समाधान योजना के तहत वसूली कैम्प पूर्व संभाग के सभी वितरण केन्द्रो में लगाया जा रहा है. समाधान योजना के तहत बकायदार उपभोक्ता के लंबित सरचार्ज माफी का प्रावधान है. क्षेत्र के पात्र उपभोक्ता भुगतान के द्वारा लाभ लिया जा रहा है.**

पूर्व संभाग के कार्यपाल यंत्री सुशील यादव के नेतृत्व में शिविर लगाया जा रहा है. पूर्व संभाग के अंतर्गत वितरण केंद्र गोविंदगढ़, गुढ, मनीकवार, मंनगवा, बदराब, रायपुर गंगेव मै कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता क्षेत्र की उपस्थिति में गांव-गांव कैंपों का आयोजन किया जा रहा है. कैंप में उपभोक्ताओं के बिजली के बिल संबंधी शिकायतें मौके पर प्राप्त होती है उनका तत्काल निरीक्षण कर नियमानुसार बिल सुधार किया जाता है.

### जागरूकता शिविर 21 को

**रीवा, 18 अप्रैल,** मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भू-संपदा परियोजनाओं से संबंधित अधिनियमों, नियमों और कार्य प्रक्रियाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना है. यह शिविर 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट भवन के मोहन सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा.

# तीन दिन बीतने के बाद भी कई खरीदी केन्द्रों का नहीं खुला खाता

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, तमाम अव्यवस्थाओं के बीच गेंहू खरीदी कागजो में शुरू की गई है लेकिन तीन दिन तक कही भी खरीदी का खाता नही खुला. 15 अप्रैल से जिले के 168 खरीदी केन्द्रो में खरीदी शुरू की गई है लेकिन तीन दिन तक कोई तौल नही हुई.**

किसान भी अभी कोई रूचि नही ले रहे है. इस बार गेहूं खरीदी की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बारदानों की अनुपलब्धता बनकर उभरा है. नागरिक आपूर्ति निगम (नॉन) के पास नए बारदानों का अभाव है, और पुराने बारदाने अभी भी धान की पैकिंग में फंसे हुए हैं. जिले के लगभग सभी गोदाम पिछले सीजन की धान से पूरी तरह भरे हुए हैं. नियमानुसार धान की मिलिंग के लिए उठाव होना था, जिससे बारदाने खाली होते और उनका उपयोग गेहूं खरीदी में किया जाता. लेकिन मिलिंग की कछुआ चाल ने पूरी व्यवस्था को ठप कर दिया है. नागरिक आपूर्ति निगम के पास न तो नए बारदानों का पर्याप्त स्टॉक है और न ही पुराने बारदानों को खाली कराने की कोई ठोस योजना. गेहूं की फसल कटकर तैयार है और मंडियों में आने को बेताब है. ऐसे में अगर समय पर खरीदी शुरू नहीं हुई, तो किसानों को अपनी उपज कम दामों पर बिचौलियों को बेचने पर मजबूर होना पड़ेगा. साथ ही, मौसम के बदलते मिजाज ने भी किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. खुले में रखा अनाज बारिश की भेंट चढ़ सकता है. धान का उठाव अगर समय रहते नहीं हुआ, तो इस साल गेहूं की खरीदी का लक्ष्य पूरा करना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होगा. कलेक्टर और जिला प्रशासन ने 15 अप्रैल से सुचारू खरीदी के दावे किए थे, लेकिन हकीकत में खरीदी केंद्रों के प्रभारी केवल टालमटोल कर रहे हैं. सब कुछ कागज में चल रहा है.

### मार्ग बंद होने से मोहल्ले के लोग परेशान

**रीवा, 18 अप्रैल,** चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने बताया कि चिरहुला मंदिर के सामने से गुजरने वाला प्रमुख मार्ग अचानक बंद कर दिए जाने से क्षेत्र के रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. यह मार्ग वर्षों से स्थानीय नागरिकों के आवागमन का प्रमुख साधन रहा है और कई मोहल्ले इसी रास्ते पर निर्भर रहे हैं. मार्ग बंद होने के कारण वार्डवासियों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है. श्री शर्मा ने कहा कि इस मार्ग के बंद हो जाने से लोगों को अपने निवास स्थान का पता बताने में भी कठिनाई हो रही है, जिससे उनके परिजन एवं परिचितों को घर तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इस समस्या से नर्मदा नगर, अयोध्या नगर, बढ़राउ टोला, एस.एफ. कॉलोनी वार्ड क्रमांक 43, मंदिर के पीछे स्थित पटेल बस्ती, चिरहुला, बंसल बस्ती, सांबा बस्ती, उत्तम नगर तथा जोरी तक के नागरिक प्रभावित हो रहे हैं, जो वर्षों से इस मार्ग का उपयोग करते आ रहे थे. तत्काल मार्ग खोलने की मांग की गई है.



# सिंगरौली बैंक डकैती के बाद रीवा में बैंकों की बढ़ी चौकसी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, सिंगरौली में हुई बैंक डकैती के बाद रीवा अलर्ट मोड में आ गया है. बैंकों की चौकसी बढ़ेगी. इसके साथ ही बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने बैंक अधिकारियों से चर्चा की गई. इसके साथ ही सभी बैंको की सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारियों ने निरीक्षण किया.**

जहा सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, अलार्म सिस्टम आदि का निरीक्षण किया गया. जिस बैंक में कमी पाई गई वहा बैंक प्रबंधन को तत्काल सुधार कार्यवाही के लिये निर्देश किया गया. गौरतलब है कि सिंगरौली में हुई बैंक डकैती के बाद बैंको की सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के निर्देश पर शनिवार को सभी बैंको की चेकिंग थाना प्रभारियों द्वारा की गई. इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मैदानी स्तर पर बैंको का जायजा लिया. किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिये कहा गया. बैंक एवं आसपास के क्षेत्र में पुलिस द्वारा नियमित पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है. संवेदनशील एवं भीड़ भाड़ वाले बैंको में विशेष निगरानी रखी जाएगी. सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही न करने के निर्देश दिये गये है.

# परशुराम जयंती को लेकर शहर में निकाली गई बाजे-गाजे के साथ शोभा यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 18 अप्रैल, परशुराम का जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. ढ़ोल नगाड़े और घोड़ा रथ में सजीव झांकी सजाई गई. इटौरा स्थित परशुराम आश्रम से पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा रवाना की गई. विभिन्न मार्गो से होकर शोभा यात्रा मनकामेश्वर मंदिर कोठी कम्पाउंड पहुंची, जहा समापन हुआ. परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन प्रदोष के अवसर पर हुआ था.**





वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो प्रदोष काल (शाम) में पड़ता है. इटौरा बाईपास स्थित परशुराम आश्रम में पूजा अर्चना की गई और पाठ के बाद शोभा यात्रा शुरू की गई. सिरमौर चौराहा, शिल्पी प्लाजा होते हुए शोभा यात्रा कोठी कम्पाउंड स्थित मनकामेश्वर मंदिर पहुंची. इस दौरान जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष पं. संजय त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी, प्रदेश सचिव सतीष चौबे सहित महिलाएं भी शामिल रही. शोभा यात्रा में भगवान परशुराम की झांकी सजाई गई थी और बाजे-गाजे के साथ जयकारे लगाते हुए लोग चल रहे थे. कई जगह शोभा यात्रा का भव्य स्वागत भी लोगो द्वारा किया गया. कई किलो मीटर तक शोभा यात्रा चली.